तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 3 मई 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



4 भीषण जल संकट से जूझ रहे रामानुजगंज के लोग




## खबर संक्षेप

### मतदान सामग्री वितरण-संग्रहण टीम का प्रशिक्षण आज

**बलरामपुर।** लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का के मार्गदर्शन में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 3 मई को दोपहर 3 बजे से मतदान सामग्री वितरण-संग्रहण टीम का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित श्रीवास्तव ने मतदान सामग्री वितरण एवं संग्रहण टीम में ड्यूटी लगाए गए अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही करने पर दो शिक्षक निलंबित

**बलरामपुर।** लोकसभा चुनाव के तहत डाकमत पत्र ड्यूटी में अनुपस्थित रहने वाले दो शिक्षकों को निलंबित किया गया है। बताया जा रहा है कि जिले में अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं के डाक मतपत्र के माध्यम से 29 एवं 30 अप्रैल को घर जाकर मतदान कराने हेतु मतदान दलों का गठन किया गया था। जिसमें माध्यमिक शाला परसवार कला के शिक्षक अनिरुद्ध प्रसाद गुप्ता की ड्यूटी मतदान अधिकारी क्रमांक 2 के रूप में लगाई गई थी। श्री गुप्ता 29 अप्रैल को दल रवानगी के पश्चात उपस्थित हुए। इसी प्रकार माध्यमिक शाला मनोहरपुर के शिक्षक मुकेश कुमार भगत को मतदान अधिकारी 2 के रूप में नियुक्त किया गया था। श्री भगत 23 अप्रैल को आयोजित मतदान दलों के प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं हुए। शिक्षक अनिरूद्ध कुमार गुप्ता व मुकेश कुमार भगत का यह कृत्य निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं हठधर्मिता का परिचायक है तथा उनके द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13 गग, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-134-(1),(1क) (2) (3) के तहत बने नियमो एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम-1965 के नियम-3 एवं 7 का स्पष्ट उल्लंघन किया गया है। कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के द्वारा उनके उक्त कृत्य के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के नियम-9 के उप नियम (1) क के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### जंगल में महुआ बिनने गए युवकों पर भालू ने किया हमला, दो घायल

**राजपुर।** जंगल में महुआ चुनने और पत्ता तोड़ने गए युवकों पर भालू ने हमला कर दिया। भालू के हमले में घायल युवकों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग द्वारा मौके पर पहुंचकर घायलों को तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की। बताया जा रहा है कि ग्राम सेवारी निवासी 27 वर्षीय सोभन आ. स्व. ढेला राम व 26 वर्षीय दीपक आ. परना आज सुबह महुआ बिनने और पत्ता तोड़ने के लिए सेवारी जंगल गए हुए थे। इस दौरान कक्ष क्रमांक पी 2813 में भालू ने युवकों पर हमला कर दिया। इस दौरान अन्य ग्रामीणों ने शोर मचाकर भालू को भगाया और घायलों को उपचार के लिए ग्राम सेवारी सरपंच अरविन्द कुमार के निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां दोनों का उपचार जारी है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम भी अस्पताल पहुंची थी जहां घायलों को एक-एक हजार रुपए की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई।

### होटल के सामने से चोरों ने पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** महामाया चौक समीप निवासी बृजेश केसरी आ. मनीलाल गुप्ता (42 वर्ष) 13 अप्रैल की रात लगभग 10.30 बजे प्रतीक्षा बस स्टैंड स्थित होटल में भोजन करने गया था। युवक बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएच 0323 को होटल के सामने खड़ा कर भोजन करने चला गया। कुछ समय बाद घर जाने बाइक लेने गया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई।

## संवेदनशील केंद्रों पर ड्रोन कैमरे से रखी जाएगी निगरानी

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी सड़क मार्ग से जाएंगे मतदान दल, केंद्रों पर आसमान से रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में इस बार भी मतदान दलों को सड़क मार्ग से रवाना किया जाएगा।

**खास बात**

- पहुंची केंद्रीय सुरक्षा बलों की 18 कंपनियां

केंद्रीय सुरक्षा बलों की 18 कंपनी, जिला बल व होम गार्ड के 1800 जवानों को चुनाव में तैनात किया जाएगा। खास बात यह है कि जिले के नक्सल दृष्टि से 150 अतिसंवेदनशील, संवेदनशील एवं 3 क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। इस तरह जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान किया जाएगा। बता दें कि लोकसबहा चुनाव के तहत 7 मई को तीसरे चरण में सरगुजा संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है। मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा वृहद पैमाने पर तैयारियां की जा रही है और केंद्रीय सुरक्षा बलों, जिला बल व आर्म्ड फोर्स को तैनात किया जा रहा है। इसमें बलरामपुर जिले की बात की जाए तो यहां कुल 683 मतदान केंद्र रामानुजगंज, सामरी व प्रतापपुर विधानसभा के कुछ अंतर्गत आते है। इनमें लगभग 150 मतदान केंद्र नक्सल दृष्टि से संवेदनशील व अतिसंवेदनशील की श्रेणी में रखे गए है जबकि 3 मतदान केंद्रों को क्रिटिकल की श्रेणी में रखा गया है। बलरामपुर जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदान के लिए 2018-19 के विधानसभा व लोकसभा चुनाव में हेलीकॉप्टर से रवाना किया जाता था लेकिन अब विगत कुछ वर्षों में जिला व पुलिस प्रशासन के प्रयासों की बदौलत नक्सली पीछे हटने को मजबूर हुए है और बूढा पहाड़ तक पुलिस ने अपनी पैठ जमाई है। इसके साथ ही नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सड़क का निर्माण भी कराया गया है जिसके बाद विधानसभा चुनाव में पहली बार मतदान दलों को सड़क मार्ग से रवाना किया गया था और प्रशासन के प्रयासों की बदौलत मतदान प्रतिशत में भी वृद्धि हुई थी। यही वजह है कि इस बार लोकसभा चुनाव में भी मतदान दलों को सड़क मार्ग से रवाना किया जाएगा। मतदान दल केंद्रीय सुरक्षा बलों की निगरानी में मतदान केंद्र तक जाकर वोटिंग कराएंगे और शाम को सड़क मार्ग से ही वापस लौटेंगे। इस हेतु जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा अपनी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।



जवानों से चर्चा करते आईजी व एसपी।

### जिले को मिली 18 कंपनियां

लोकसभा चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए केंद्रीय सुरक्षाबलों की तैनाती की जा रही है। बलरामपुर जिले में नक्सल दृष्टि से अन्य जिलों की तुलना में अधिक केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात किए जा है। बलरामपुर जिले में केंद्रीय सुरक्षा बलों की कुल 18 कंपनियां पहुंच चुकी है जबकि जिला बल के 1200 जवान तैनात किए जा रहे है। वहीं होम गार्ड व एसपीओ के 600 जवान तैनात होंगे। नक्सल दृष्टि से संवेदनशील मतदान केंद्रों में अभी से ही सर्चिंग तेज कर दी गई है और जवानों को विशेष दिशा निर्देश दिए गए है। इतना ही नहीं सुरक्षा की दृष्टि से 150 अतिसंवेदनशील व 3 क्रिटिकल मतदान केंद्रों में आसमान से पुलिस प्रशासन की निगाह होगी। मतदान केंद्रों में ड्रोन कैमरे तैनात किए जाएंगे तो मतदान केंद्रों के आस पास की गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

### सड़क मार्ग से जाएंगे मतदान दल

लोकसभा के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों की 18 कंपनियों के साथ ही जिला बल, होम गार्ड व एसपीओ के 1800 जवान तैनात किए जाएंगे। जिले में लगभग 150 अतिसंवेदनशील व 3 क्रिटिकल मतदान केंद्र है जहां ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जाएगी। हमारे मतदान दल सड़क मार्ग से रवाना होंगे। हमने अपनी तैयारी पूर्ण कर ली है और क्षेत्र में गस्त बढ़ा दी गई है।

-डॉ. लाल उमेद सिंह
एसएसपी



## ईमानदारी एवं मेहनत साहू समाज की ताकत : साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उप मुख्यमंत्री अरूण साव बुधवार को साहू समाज द्वारा धर्मशाला में आयोजित सामाजिक बैठक में शामिल हुए। उन्होंने भक्त माता कर्मा की पूजा-आरती कर बैठक की शुरूआत की। बैठक में सरगुजा सहित आसपास के जिलों के बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग पहुंचे थे।

- साहू समाज की बैठक में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री

वहीं रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू भी मौजूद थे। अरूण साव को उपमुख्यमंत्री की जवाबदारी मिलने पर साहू समाज द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। बैठक में श्री साव ने कहा कि मेहनत और ईमानदारी साहू समाज की पहचान है जिसके कारण समाज आज हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। समाज की यह विशेषता आगे भी बना रहना चाहिए। साहू समाज में अन्य समाजों को साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता निहित है। समाज के पदाधिकारियों ने उनसे आत्मीयता और प्यार बनाए रखने का अनुरोध किया। इस दौरान केके गुप्ता, बनारसी लाल गुप्ता, प्रयागराज साहू, सूर्यप्रकाश साहू, रामसेवक गुप्ता, जोखन साहू, नंदा गुप्ता, रामकृपाल साहू, रामविलास साहू, जयप्रकाश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या, पहले पिलाया कीटनाशक, फिर घोंट दिया गला

**अंबिकापुर।** चरित्र शंका पति ने मां के साथ मिलकर नवविवाहिता की गला घोंटकर हत्या कर दी। आरोपियों ने पहले मृतिका को कीटनाशक पिलाने का प्रयास किया लेकिन जब नवविवाहिता ने कीटनाशक को उगल दिया तो दोनों ने मिलकर नायलॉन की रस्सी से गला घोंट दिया। पुलिस से बचने के लिए आरोपियों ने लाश को फांसी पर लटकाकर आत्महत्या का रूप दे दिया लेकिन पीएम रिपोर्ट व पुलिस की जांच में हत्याकांड का खुलासा हो गया। पुलिस ने मामले में आरोपी पति व सास को गिरफ्तार कर लिया है। बलरामपुर जिले के रघुनाथनगर थाना अंतर्गत ग्राम रमेशपुर निवासी अंकित जायसवाल ने 1 मई को पुलिस के पास आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पत्नी 23 वर्षीया दुर्गावती जायसवाल ने 30 अप्रैल की रात घर के पीछे झाड़ी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। नव विवाहिता द्वारा आत्महत्या किए

- पति व सास ने मिलकर दिया घटना को अंजाम, पुलिस से बचने लटकाया फांसी पर



जाने के मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को मर्ग पंचनामा उपरान्त पीएम के लिए भेजा गया था। प्रारंभिक पीएम रिपोर्ट में चिकित्सकों द्वारा मृतिका की मौत गला घोंटे जाने से होने की पुष्टि की गई जिसके बाद एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी निमेश बरैया तथा एसडीओपी वाड्रफनगर रामअवतार शुत्र के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा घटना की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान शंका के आधार पर जब पुलिस ने मृतिका के पति को अंकित जायसवाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पहले तो आरोपी पुलिस को गुमराह करता रहा लेकिन बाद में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस के अनुसार युवक अपनी नव विवाहिता पत्नी के चरित्र पर शंका करता था और इसीबात को लेकर अक्सर दोनों के बीच झगड़ा होता था। 30 अप्रैल की रात भी दोनों के बीच चरित्र शंका को लेकर विवाद हुआ जिसके बाद आक्रोशित पति अपनी मां शिवकुमारी को कमरे में लेकर आया। इस दौरान सास ने अपनी बहु दुर्गावती जायसवाल का हाथ पैर पकड़ा और पति अंकित जायसवाल ने जबरन उसे कीटनाशक पिला दिया लेकिन मृतिका ने जहर को उगल दिया। ऐसे में आरोपी ने नायलॉन की रस्सी से पत्नी का गला घोंट दिया जिससे उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद पति व सास ने मिलकर मृतिका की लाश को घर के पीछे झाड़ में रस्सी के सहारे लटका दिया और आत्महत्या का रूप दे दिया। पुलिस ने आरोपी पति अंकित जायसवाल व सास शिवकुमारी जायसवाल को धारा 302, 201, 34 के तहत गिरफ्तार कर कीटनाशक लगा चादर, घटना में प्रयुक्त नायलॉन रस्सी जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी संतलाल आयाम, सउनि ललित एक्का, प्रधान आरक्षक हर्षदीप कुजूर, कलेश पैकरा, आरक्षक राजेश तिर्की, मनोज गुप्ता, कमिल बड़ा, सुमंत पटेल सक्रिय रहे।

### दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान के दिन मिलेगी निःशुल्क परिवहन सुविधा

**बलरामपुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान 7 मई होने वाले मतदान के दौरान दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक आयु वर्ग के मतदाताओं को मतदान दिवस को निःशुल्क परिवहन मतदाता रथ की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। मतदाता रथ के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन किया गया है। उनके द्वारा मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उनके निवास स्थल तक छोड़ने हेतु निःशुल्क मतदाता रथ की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। लोकसभा चुनाव में सरगुजा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में विधानसभा क्षेत्र 7-रामानुजगंज अंतर्गत 61 मतदाताओं के लिए 4 मतदाता रथ, विधानसभा क्षेत्र 8-सामरी अंतर्गत 17 मतदाताओं के लिए 4, आंशिक विधानसभा क्षेत्र 6-प्रतापपुर अंतर्गत 49 मतदाताओं के लिए 6 मतदाता रथ का प्रबंध किया गया है। इस जिले में 127 चिन्हित 127 मतदाताओं के लिए कुल 14 मतदाता रथ की व्यवस्था की गई है।

## बड़ेसाल्ही एमसीबी नाका का आईजी ने किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बैकुंठपुर और सोनहत क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर होने वाले मतदान को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस कार्य कर रही है।

इसी के तहत गुरूवार को पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अंकित गर्ग बड़ेसाल्ही एमसीबी नाका का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे, जहां उन्होंने ड्यूटीरत अधिकारियों व कर्मचारियों से आदर्श आचार संहिता के दौरान सुरक्षा जांच में बरते जाने वाली आवश्यक सावधानियों सहित चेक पोस्ट में सुरक्षा जांच के दौरान अन्य प्रांतों एवं जिलों से आने वाले वाहनों का नंबर, वाहन चालक का नाम एवं पहचान दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रकार के संदिग्ध गतिविधियों को रोकने सख्त निर्देश दिए गए हैं, इसके अतिरिक्त दीगर क्षेत्रों से जिले में प्रवेश करने वाले वाहनों की चेकिंग के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी करने के हिदायत दी गई है। साथ ही तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को सतर्क रहकर सुरक्षा जांच करने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण में स्पष्ट हिदायत दी गई है कि किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए एवं किसी प्रकार की वसूली की शिकायत नहीं आनी चाहिए। निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक कोरिया सूरज सिंह परिहार भी उपस्थित रहे।

## 9 लोगों के शस्त्र लाइसेंस किए गए निरस्त, दो निलंबित

**अंबिकापुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला व पुलिस प्रशासन ने शस्त्र लाइसेंस जमा नहीं करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। एसपी की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी व कलेक्टर भोस्कर विलास द्वारा 9 लोगों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के साथ ही दो लोगों के शस्त्र लाइसेंस को निलंबित कर दिया है। बता दें की लोकसभा चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण व भयमुक्त मतदान कराने के लिए लाइसेंसी शस्त्र धारियों को अपने शस्त्र संबंधित थानों में जमा करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के बाद भी जिले में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा अपने शस्त्र को जमा नहीं कराया गया। एसपी विजय अग्रवाल के प्रतिवेदन के आधार पर बौरीपारा निवासी अब्दुल गफ्फार कुरैशी व सदर रोड निवासी विनोद कुमार साहू द्वारा शस्त्र जमा नहीं करने पर जिला दंडाधिकारी भोस्कर विलास ने दोनों के शस्त्र लाइसेंस को नवीनीकरण नहीं किए जाने की अनुशंसा करते हुए लाइसेंस को आगामी आदेश तक निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही लाइसेंसी शस्त्र जमा नहीं करने पर 9 लोगों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था और नोटिस का जवाब संतोशजनक नहीं होने पर महामाया रोड निवासी अनिल कुमार पांडेय, ब्रह्मपारा निवासी श्रीमती पांडेय, नवापारा आजाद वार्ड निवासी कमल अग्रवाल, खलीबा निवासी अभिजीत सिंह, गांधी चौक निवासी अरविन्द कुजूर, महामाया रोड निवासी मंजीत सिंह, महामाया रोड निवासी अमरदीप सिंह बनारस रोड निवासी मथुरा प्रसाद के शस्त्र लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

- आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर की गई कार्रवाई

## चार तोड़ने गए एक ही परिवार के पांच सदस्यों पर मधुमक्खियों का हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जंगल में चार तोड़ने गए एक ही परिवार के पांच लोगों पर मधुमक्खियों के झुण्ड ने हमला कर दिया। इस घटना में एक बुजुर्ग की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। घायल बुजुर्ग को को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां चिकित्सकों ने जांच उपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया इसके साथ ही घायलों को प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि लखनपुर थाना के कुन्नी अंतर्गत ग्राम सकरिया निवासी 65 वर्षीय पीला राम पैकरा आ. स्व. सियाम्बर पैकरा 1 मई की सुबह 7 बजे पत्नी फूलमती, पुत्री रेशमा, पुत्र अमोल, रिस्तेदार भगली के साथ पोखरी पानी स्थित खेत में चार तोड़ने के लिए जंगल के रास्ते जा रहा था। इस दौरान खेत से कुछ दूरी पर जंगल में मधुमक्खियों का झुण्ड उड़ रहा था। अचानक ही मधुमक्खियों ने बुजुर्ग समेत पांचों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले के बाद परिवार के सदस्य अपनी जान बचाकर भागने लगे लेकिन इस दौरान वृद्ध पीला राम पैकरा भागने में असफल रहा और जमीन पर गिर गया। कुछ समय बाद मधुमक्खियों से पीछा छुड़ाकर जब परिवार के बाकी सदस्य मौके पर पहुंचे तो बुजुर्ग पीला राम जमीन पर अचेत पड़ा हुआ था। बुजुर्ग ने पत्नी से पानी पिलाने को बोला लेकिन जैसे ही उन्होंने बुजुर्ग को पानी पिलाया तो उसके मुंह से मधुमक्खियां निकलने लगी। घायल बुजुर्ग को किसी तरह परिजन द्वारा कुन्नी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया था। देर शाम 7 बजे परिजन बुजुर्ग को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मधुमक्खियों के हमले में घायल फूलमती, रेशमा, अमोल व भगली को प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

- भागने में असफल वृद्ध की मौत, कुन्नी क्षेत्र की घटना

### 2 घंटे तक बाधित रहा आवागमन, एडिशनल एसपी के आश्वासन पर माने युवा

# मंदिर में चोरी, आक्रोशित युवकों ने एनएच 130 को किया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

शिवमंदिर प्रांगण स्थित हनुमान मंदिर से मुकुट व कड़ा चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना से आक्रोशित हिन्दू संगठन के युवाओं ने गुरूवार को एनएच 130 को जाम कर आवागमन अवरूद्ध कर दिया। अधिकारियों द्वारा मामले में सख्त कार्रवाई करने के आश्वासन के 2 घंटे बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

नगर के स्वंभू शिवमंदिर परिसर स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार की रात 3 युवक जूता-चप्पल पहने घुसे तथा प्रतिमा की चांदी का मुकुट व




कड़ा निकालकर फरार हो गए थे। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। मामले में पुलिस धारा 457, 380, 295 के तहत अपराध दर्ज कर चोरों को तलाश रही थी। सीसी टीवी के आधार पर पुलिस ने फैजाब खान पिता फरियाद खान, साकिब खान पिता महबूब खान एवं पुनित यादव पिता लालू यादव के रूप में पहचान की तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा। घटना की जानकारी मिलने पर गुरूवार को सुबह हिन्दु संगठन थाने पहुंच विरोध प्रदर्शन किया। घटना से आक्रोशित संगठन के सदस्यों ने आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग लेकर दुकानों को बंद कराया तथा 9 बजे एनएच 130 पर प्रदर्शन कर आवागमन को ठप कर दिया।

सूचना पर पहुंचे एडिशनल एसपी अमोलक सिंह ढिल्लो एवं एसडीएम बीआर खाण्डे ने आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया तो युवा शांत हुए तथा आंदोलन को समाप्त किया। इस दौरान दो घंटे तक मार्ग से आवागमन ठप रहा। इस दौरान संगठन के युवाओं ने एएसपी श्री ढिल्लो को 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा जिसमें नगर में संचालित कबाड़ दुकानों के विरूद्ध कार्रवाई करने जगह-जगह संचालित मटन दुकानों के लिए एक स्थान निर्धारित करने, मेडिकल दुकानों में बिक रहे नशीली दवाओं पर रोक लगाने, बाहर से आने वाले लोगों की जांच करने, रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की गई है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी चोरी की कई घटनाओं में संल्पित हैं तथा उनके विरूद्ध थाने में कई मामले दर्ज हैं। आरोपी आदतन नशेड़ी है तथा चोरी की विभिन्न घटनाओं में संलिप्त रहे हैं।

## वाहन ने बाइक सवार दम्पति को मारी टक्कर, महिला की मौत

**अंबिकापुर।** गुरुवार को एनएच 130 पर बाइक व टाटा एस वाहन के बीच हुई भिड़ंत में एक महिला की मौत हो गई जबकि युवक व ढाई साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए उदयपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उदयपुर थाना अंतर्गत मोहनपुर निवासी 25 वर्षीय विष्णु पैकरा पत्नी 24 वर्षीय नरेश्वरी पैकरा व ढाई साल की बच्ची वैष्णवी के साथ मोहनपुर से ग्राम खरसुरा जाने के लिए निकला था। इस दौरान दोपहर में उदयपुर जनपद एनएच 130 पर टाटा एस वाहन क्रमांक सीजी 29 एजी 2043 ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। भिड़ंत में बाइक सवार दम्पति व बच्ची जमीन पर गिर गए। इस घटना में गंभीर रूप से घायल दम्पति व बच्ची को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। इस घटना में मृतिका के पति विष्णु पैकरा व बच्ची वैष्णवी को भी गंभीर चोट आई है। प्रारंभिक उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। इधर घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस द्वारा वाहन को जब्त कर चालक की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर ने बताया कि महिला की उपचार के दौरान मौत हुई है जबकि घायलों को रिफर कर दिया गया है। पुलिस द्वारा वाहन को जब्त कर लिया गया है और जांच जारी है।

- ढाई साल की बच्ची व पिता घायल, उदयपुर में हुई घटना



# तीस हजारी कोर्ट में होगी 'जॉली एलएलबी 3' की शूटिंग

**मुंबई।** 'जॉली एलएलबी' फ्रेंचाइजी की बहुप्रतीक्षित तीसरी किस्त की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो गई है। इसी बीच नई मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अभिनेता अक्षय कुमार और अरशद वारसी अगले महीने से शेड्यूल का दूसरा चरण दिल्ली में शुरू करेंगे। 'राष्ट्रीय राजधानी में शूटिंग जून से जुलाई तक 30-40 दिनों तक चलेगी और यह शहर के विभिन्न हिस्सों को कवर करेगी। आउटडोर और इनडोर दोनों शूटिंग ज्यादातर तीस हजारी कोर्ट क्षेत्र के पास निर्धारित हैं। कलाकार मुख्य रूप से कोर्टरूम ड्रामा दृश्यों की शूटिंग के लिए दिल्ली आ रहे हैं। 'जॉली एलएलबी 3' को विभिन्न राज्यों में शूट किया जाना है।



लाइफ Style

# इलियाना

## 'बर्फी' में काम करना पड़ा महंगा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड में काम करने के चक्कर में इलियाना डिक्रूज को साउथ की फिल्मों में काम मिलना मुश्किल हो गया। इलियाना ने हाल ही एक इंटरव्यू में इस बारे में बात की। इलियाना का इस बात को लेकर दर्द छलका कि न तो बॉलीवुड में उनका काम नोटिस किया गया और ना ही साउथ में खास मौके ही मिले। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने 'बर्फी' में काम किया, तो लोगों ने मान लिया कि अब वह साउथ की फिल्मों में काम नहीं करना चाहतीं। इस धारणा की वजह से उन्हें साउथ सिनेमा से फिल्मों के ऑफर मिलना बंद हो गए। इलियाना ने कहा, मैंने साउथ से बॉलीवुड में कोई शिफ्ट नहीं किया था। मैं बस एक हिंदी फिल्म कर रही थी क्योंकि मुझे 'बर्फी' की कहानी पसंद आई थी। यह एक अलग तरह की फिल्म थी। मैंने सोचा कि मुझे ऐसी फिल्म करने का दोबारा मौका नहीं मिलेगा। अगर मैंने इसे ठुकराया तो यह मेरी बेवकूफी होगी। मैं बस एक हिंदी फिल्म कर रही थी। ऐसा कुछ नहीं था कि मैं अपना बेस बॉलीवुड में शिफ्ट कर रही हूं, और फिर कभी साउथ की फिल्में नहीं करूंगी। लेकिन मुझे लगता है कि जब मैंने 'बर्फी' साइन की, तो लोगों ने यह अजीब धारणा बना ली कि ये तो अब बॉलीवुड जा रही है।

हाल ही फिल्म 'दो और दो प्यार' में नजर आईं इलियाना डिक्रूज ने अपने करियर में कई यादगार फिल्में कीं, जिनमें अक्षय कुमार की 'रुस्तम' और रणबीर कपूर की 'बर्फी' शामिल हैं। इन दोनों ही फिल्मों में इलियाना की परफॉर्मेंस पसंद की गई थी।

हॉलीवुड मसाला



# 'द सोशल...' का बनेगा सीक्वल

**मुंबई।** अमेरिकी लेखक, निर्माता और निर्देशक एरोन सॉर्किन ने 'द टाउन' पॉडकास्ट की लाइव रिकॉर्डिंग के दौरान पुष्टि की कि वह वर्तमान में 'द सोशल नेटवर्क' के किसी सीक्वल पर काम कर रहे हैं। बता दें कि फेसबुक के बनने की कहानी के बारे में फिल्म की पटकथा के लिए इन्होंने ऑस्कर जीता था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब वह फेसबुक से ही जुड़े किसी परियोजना पर काम कर रहे हैं। साक्षात्कार के दौरान सॉर्किन ने सोशल मीडिया कंपनी के हाल के वर्षों के बारे में कहा, 'देखो, मैं इसके बारे में लिखूंगा।' मैं 6 जनवरी के लिए फेसबुक को दोषी मानता हूं।




# इंस्टाग्राम की सबसे बदनाम ठग पर बनी डॉक्यूमेंट्री...

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक ठग आपको मिल जाएंगे। खुद को मशहूर बनाने के लिए और फॉलोअर्स जुटाने के लिए लोग किस हद तक गिर सकते हैं। इस बात को ऑस्ट्रेलियाई इन्फ्लुएंसर बेले गिब्सन ने साबित किया है। वही बेले गिब्सन जिन्हें कभी कॉस्मोपॉलिटन ने सबसे निडर और दिलचस्प महिला का खिताब दिया था। अब उनकी जिंदगी पर डॉक्यूमेंट्री का निर्माण किया गया है। बेले गिब्सन सोशल मीडिया के मशहूर नामों में से एक नाम है। साल 2013 की बात है, जब उन्होंने पूरी दुनिया के सामने खुद को कैंसर पीड़ित बताया था। इतना ही नहीं उन्होंने अपने फॉलोअर्स से यह भी साझा किया था कि वे एक सिंगल-मां हैं। दुनिया ने उनकी बात को सच मान लिया था। रातों-रात उनके लाखों फॉलोअर्स बढ़ गए थे।



# 'बाहुबली' का हिस्सा बनने वाली थीं

**नई दिल्ली।** पिछले साल आई मूवी खुफिया की चारु रवि मोहन आपको याद ही होंगी। इस किरदार में वामिका गब्बी ने ऐसा जबरदस्त काम किया था कि बहुत बार वो तब्बू जैसी मंझी हुई एक्ट्रेस पर भारी पड़ गई थीं। वामिका गब्बी जितने शानदार कैरेक्टर कर चुकी हैं, उतनी ही ज्यादा वो अपने बयानों के लिए भी जानी जाती हैं। एक बार वो भी नेपोटिज्म पर सवाल उठाते हुए बता चुकी हैं कि एक बड़े स्टार की बेटी के चक्कर एक मूवी से उन्हें निकाल दिया गया था। अब उनका एक और इंटरव्यू वायरल हो रहा है, जिसमें वो बता रही हैं कि वो बाहुबली का हिस्सा बनने वाली थीं, लेकिन ये हो नहीं सका। वामिका गब्बी के इंटरव्यू की एक क्लिपिंग के मुताबिक वामिका गब्बी को बाहुबली में रोल ऑफर हुआ था।



# सोनू को कहा जाता है गरीबों का मसीहा

**मुंबई।** अभिनेता सोनू सूद को 'गरीबों का मसीहा' कहा जाता है। वे जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तमाम लोग उनसे मदद की गुहार लगाते हैं। इसके अलावा उनके निजी मोबाइल नंबर और वाट्सएप के जरिए भी लोग मदद मांगते दिखते हैं। बीते दिनों सोनू सूद का वाट्सएप ब्लॉक हो गया। इससे उन लोगों को काफी परेशानी हुई, जिन्हें अभिनेता से मदद की दरकार थी। हालांकि, सोनू का नंबर ब्लॉक होने के बाद मदद लेने के लिए लोग उनके घर पहुंच गए। किसी गरीब का उपचार कराना हो या किसी को अन्य आर्थिक मदद की जरूरत हो, सोनू सूद के पास बात पहुंचने पर वे तत्काल तैयार रहते हैं। हाल ही में उनका व्हाट्सएप बंद कर दिया गया था। करीब 61 घंटों के बाद उनके अकाउंट को दोबारा शुरू कर दिया गया।

टीवी मसाला

# पुरानी यादों में खोई दिखीं मौनी


**मुंबई।** टेलीविजन की दुनिया में मौनी रॉय अपनी खूबसूरती के साथ-साथ बेहतरीन अदाकारी के लिए भी मशहूर हैं। मौनी रॉय महज 19 साल की थीं जब उन्होंने टीवी इंडस्ट्री में अपना कदम रखा था।



अभिनेत्री ने एकता कपूर के लोकप्रिय शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' से टेलीविजन में डेब्यू किया था। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान मौनी पुरानी यादों में खोई दिखीं। मौनी रॉय पुराने दिनों को याद करते हुए कहती हैं, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक्टिंग में अपना करियर बनाऊंगी। उन दिनों गर्मी की छुट्टियां चल रही थी। मैं अपने कॉलेज के बाहर टहल रही थीं, तभी किसी ने मेरे कंधे को थपथपाया और मुझ से पूछा कि क्या मैं एक सीरियल के लिए ऑडिशन देना चाहूंगी'। 'मैंने यूं ही हां कर दिया और ऑडिशन देने के लिए तैयार हो गई। मैंने सोचा था छुट्टियों में यह काम करके देखती हूं, कैसा लगता है'। मौनी रॉय ने तब 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के लिए ऑडिशन दिया था और वे शो में अगली पीढ़ी के बच्चों के रूप में शामिल हो गईं। इसके बाद मौनी रॉय ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। आज वे टीवी इंडस्ट्री की बेहतरीन कलाकारों में से एक हैं।

## 'कृष्णा मोहिनी' में देबात्मा निभा रहीं खास रोल

**नई दिल्ली।** शो 'शौर्य और अनोखी की कहानी' में अनोखी भल्ला के किरदार से लोकप्रियता हासिल करने वाली एक्ट्रेस देबात्मा शाह अब कलर्स टीवी के शो 'कृष्णा मोहिनी' में कृष्णा के रोल में नजर आएंगी। उन्होंने कहा, 'शो एक मजबूत कहानी लेकर आया है जिसकी कई परतें हैं।' फहमान खान और देबात्मा शाह 'कृष्णा मोहिनी में एक साथ नजर आएंगे। इसका प्रीमियर सोमवार 29 अप्रैल को हुआ। शो के ट्रेलर ने अपनी मजबूत कहानी से दर्शकों को आकर्षित किया है। देबात्मा शाह ने अपनी भूमिका के बारे में कहा, 'शो में 'कृष्णा' मोहन की 'सारथी' है। वह एक जिम्मेदार लड़की है और बहुत मासूम भी है। वह समझदार और मेहनती है। उसका जीवन अपने भाई की देखभाल के इर्द-गिर्द घूमता है, लेकिन उसके भाई के बारे में एक बड़ा रहस्य है, जिसके बारे में वह नहीं जानती।'



# किसानों से चंदा लेकर बनी थी फिल्म 'मंथन'



**नई दिल्ली।** आजकल के दौर में एक फिल्म बनाने में मेकर्स कई सौ करोड़ का खर्चा कर दे रहे हैं। वहीं एक समय था जब एक फिल्म बनाने के लिए मेकर्स ने लोगों से चंदा लिया था। इस फिल्म को चंदा लेकर कुछ लाख रुपए में बनाई गई, लेकिन फिल्म सुपरहिट रही और खूब कमाई की। यहां बात हो रही है 1976 में रिलीज हुई फिल्म मंथन की। खबरों के अनुसार मई में आयोजित होने जा रहे 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में श्याम बेनेगल की फिल्म मंथन को दिखाया जाएगा। 'मंथन' एकमात्र इंडियन फिल्म है, जिसे इस साल फेस्टिवल के कान्स क्लासिक सेक्शन के तहत सेलेक्ट किया गया है।

### मिले दो नेशनल अवार्ड

श्वेत क्रांति यानी दुग्ध क्रांति पर आधारित इस फिल्म को बनाने के लिए 5 लाख किसानों ने चंदा दिया था। खबरों के अनुसार, 5 लाख किसानों ने 2-2 रुपए चंदे के तौर पर दिया और इस चंदे की राशि से फिल्म बनी. फिल्म जबरदस्त हिट रही और इसे एक नहीं बल्कि 2-2 नेशनल अवॉर्ड मिले हैं।इस फिल्म ने 1977 में हिंदी में बेस्ट फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और बेस्ट स्क्रिप्टिंग के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता था।

# कंतारा-2 उड़ा देगी होश

## जंगल में तैयार किया सेट

*नई दिल्ली। होम्बले फिल्म्स बिना किसी शक इंडियन सिनेमा में सबसे बड़ा प्रोडक्शन हाउस है। इस लीडिंग प्रोडक्शन हाउस ने अपने बैनर तले केजीएफ चैप्टर 2, कंतारा- ए लीजेंड और प्रभास-प्रशांत नील की 'सलार पार्ट 1: सीजफायर' जैसे ब्लॉकबस्टर के साथ इंडियन सिनेमा को बढ़ावा दिया है। उनका अगला सबसे बड़ा प्रोजेक्ट, 'कंतारा- चैप्टर 1' है, जिसका फैंस और दर्शकों को बड़ी उम्मीदों के साथ बेसब्री से इंतजार है। फिल्म से जुड़े हर नए अपडेट के साथ जनता में उत्साह बढ़ रहा है। हाल ही में आए नए अपडेट के मुताबिक फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। इसमें 20 दिन का शेड्यूल है। इस शेड्यूल में टीम जरूरी हिस्सों को जंगलों में शूट करेगी और यह खूबसूरत कुंडपुरा के कोस्टल रीजन में शूट होगा जो फिल्म की कहानी से मैच करेगा। 200 गुणा 200 फीट का एक विशाल सेट बनाया गया है और कुंडापुरा के निर्माण के लिए मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद से 600 बढ़ई और स्टंट मास्टर्स को काम पर रखा गया है।*



*मुंबई। इम्तियाज अली की फिल्म 'चमकीला' दर्शकों को खूब पसंद आई है। फिल्म में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा के बेहतरीन अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। यह अमर सिंह चमकीला पर आधारित एक बायोपिक फिल्म थी। अब इम्तियाज ने खुलासा किया कि वह एक प्रेम कहानी बनाना चहते हैं। यह प्रेम कहानी राधा-कृष्ण की प्रेम कहानी पर आधारित होगी। हालांकि राधा-कृष्णा की प्रेम कहानी पर फिल्म बनाने की बात को इम्तियाज 2018 में ही कह चुके हैं।*

# 'राधा-कृष्ण' की प्रेम कहानी पर फिल्म बनाएंगे इम्तियाज अली

एक इंटरव्यू के दौरान इम्तियाज ने कहा, 'मैं राधा-कृष्ण पर फिल्म बनाना चाहता हूं। मैं उनकी कहानियों और पौराणिक कथाओं से बहुत प्रभावित हूं। लेकिन इसके लिए पहले मैं खुद को उस पद पर लाना चाहता हूं, ताकि मैं एक बेहतरीन फिल्म



बना सकूं। मुझे जरूरत है ऐसे दो किरदारों की जो राधा और कृष्णा के चरित्र को निभा सकें।' इम्तिजा ने आगे कहा, 'वह चाहते है कि यह फिल्म बनें और लोग इसके लिए दुआ करें, जो लोग इस फिल्म को देखना चाहते हैं। हो सकता है कि मैं उनकी दुआओं की वजह से ही यह फिल्म बना सकूं।' इम्तियाज की राधा-कृष्ण की प्रेम कहानी पर आधारित फिल्म में कौन अभिनय करेगा यह अभी तय नहीं हुआ है। फिलहाल, अभी स्क्रिप्ट पर ही काम चल रहा है।

***2018 में की थी फिल्म बनाने की घोषणा :*** दरअसल, इम्तियाज अली ने 2018 में जन्माष्टमी के मौके पर राधा-कृष्ण की प्रेम कहानी पर फिल्म बनाने की घोषणा इंस्टाग्राम पर की थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मैं हमेशा से ही राधा-कृष्णा की पौराणिक प्रेम कथा से प्रभावित रहा हूं। सभी भारतीयों के लिए ऐसी कोई और दूसरी कहानी नहीं होगी, जो कि उनके दिलों के करीब हो। मेरा सपना है कि मैं राधा-कृष्णा की दुनिया में पहुंच सकूं।' आगे इम्तियाज ने लिखा, ''इस प्रेम कहानी को रिलायंस एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर बनाया जाएगा।

# लौट आया है बाहुबली

## राजामौली ने दिखाई पहली झलक



**मुंबई।** लौट आया है वो सबको अपने खून से रंगने। दिलों को दहलाने वाला और दिलों पर राज करने वाला बाहुबली। निर्देशक एस.एस राजामौली की फिल्म बाहुबली दर्शकों के दिलों पर इस कदर बस गई है कि वह आज भी इस फिल्म के तीसरे पार्ट का इंतजार बेसब्री से कर रहे हैं। इस फिल्म का पहला पार्ट 'बाहुबली: द बिगनिंग' साल 2015 में रिलीज हुई। यह फिल्म दर्शकों को इतनी पसंद आई की कई महीनों तक सिनेमाघरों में देखी गई। इसके बाद इस फिल्म का दूसरा पार्ट 'बाहुबली 2 द कॉन्क्लूजन' साल 2017 में आई और इस फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की। इस फिल्म ने कमाई के मामले में कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़े। अब निर्देशक राजामौली फिल्म बाहुबली की एनिमेटेड सीरीज लेकर आ रहे हैं।

***बाहुबली द क्राउन ऑफ ब्लड :*** *निर्देशक एस एस राजामौली ने अपने सोशल मीडिया उकाउंट पर एक पोस्ट जारी कर इस सीरीज की घोषणा दी है। इस सीरीज का नाम है 'बाहुबली द क्राउन ऑफ ब्लड'। यह एक एनिमेटेज सीरीज है। इस फिल्म की क्या कहानी होगी और इसके कलाकार कौन होंगे, अभी इस बात से पर्दा नहीं उठाया गया है। इसमें कौन से कलाकारों की आवाज और लुक को दिखाया जाएगा ये कहना मुश्किल होगा, लेकिन 'बाहुबली: क्राउन ऑफ ब्लड' की अनाउंसमेंट के बाद फैन्स काफी उत्साहित हैं और इसकी कहानी जानने के लिए भी बेताब हैं।*

## खबर संक्षेप

### आदतन अपराधी को एक साल के लिए किया गया जिलाबदर

**अंबिकापुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा चोरी व डकैती के आदतन अपराधी पर जिला बदर की कार्रवाई की गई है। युवक पर लखनपुर थाना क्षेत्र में 2015 से आपराधिक घटनाओं में लिप्त है और अब तक 8 अपराधों को अंजाम दे चुका है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिले में शान्ति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आदतन अपराधियों पर जिला बदर की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एसपी विजय अग्रवाल द्वारा लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम पुहपुटरा निवासी 30 वर्षीय गोविंद राम राजवड़े के खिलाफ प्रतिवेदन तैयार किया गया था। युवक कोयला चोरी, डकैती का आदतन अपराधी और वर्ष 2015 से आपराधिक घटनाओं में शामिल रहा है। आरोपी अमोल राजवाड़े आ. गोविन्द राम राजवाड़े के खिलाफ लखनपुर में धारा 379, 41(1-4), 107, 116, धारा 379, 411, खान खनिज विनिमय एवं विकास अधिनियम की धारा 21(2) के तहत अलग अलग मामलों में आठ कार्रवाई की जा चुकी है। युवक के खिलाफ भेजे गए प्रतिवेदन पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आदतन अपराधी अमोल राजवाड़े विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक साल की अवधी के लिए सरगुजा जिले सहित सीमावर्ती जिले जशपुर, रायगढ़, कोरबा, बलरामपुर, सूरजपुर की सीमा से निष्कासित कर जिला बदर की कार्रवाई की गई।

### ग्राम पंचायत बढ़ाडांड व सिलफिली में मानक अनुरूप नहीं हो रहा निर्माण

# पीडीएस भवन निर्माण में गड़बड़ी, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

शासन प्रशासन एक तरह भ्रष्टाचार मुक्त करने पुरजोर कवायत कर रही है वहीं दूसरी ओर जिले के ग्राम पंचायतों में नियम विरूद्ध निर्माण कार्य कर अपनी जेबे गरम करने में लगे हुए है। विकासखंड प्रतापपुर क्षेत्र में ही नियम को दरकिनार कर मानक विहीन पीडीएस भवन का निर्माण कराया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि मानक विहीन निर्माण होने के बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी निर्माण कार्य का जांच लेना मुनासिब नहीं समझा। ऐसे में शासन की राशि का दुरुपयोग कर खानापूर्ति की जा रही है। इधर गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य होने से क्षेत्र के ग्रामीण में आक्रोश है।

**खास बात**
- 12 लाख 62 हजार की लागत से कराया जा रहा निर्माण

प्रतापपुर जनपद पंचायत अंतर्गत छह ग्राम पंचायतों में बन रहे नवीन पीडीएस भवन के कार्य तकनीकी सहायक की घोर लापरवाही के कारण गुणवत्ता विहीन कार्य हो रहे हैं। जिससे ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों में आक्रोश है। कलेक्टर रोहित व्यास ने ग्रामीणों को सरलता से राशन उपलब्ध कराने ग्राम पंचायत बुढाडांड, सिलफिली में मनरेगा के तहत नवीन पीडीएस भवनों के निर्माण की मंजूरी दी है। प्रत्येक भवन 12 लाख 62 हजार की लागत से बनाया जा रहा है। पीडीएस भवनों का निर्माण कार्य कराने के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों को एजेंसी बनाया गया है। इन भवनों का निर्माण कार्य पंचायतों को मनरेगा के तकनीकी सहायक के निर्देशानुसार करना है। सूत्रों की माने तो भवनों के निर्माण कार्य को कार्ययोजना के अनुरूप कराने के लिए नियुक्त तकनीकी सहायक कभी भी निर्माण स्थल पर नहीं पहुंचे। हैरानी की बात यह है कि उन्होंने सरपंच सचिवों को भवनों के निर्माण से संबंधित तकनीकी जानकारी भी नहीं दी। जिस कारण संबंधित पंचायतों के सरपंच सचिव अपने अधूरे ज्ञान के बलबूते पीडीएस भवनों का निर्माण कार्य करा रहे हैं। भवनों की डोर बीम बिना ही ढलाई कर दी गई है जबकि दरवाजे के ऊपरी हिस्से में भी बीम है ही नहीं। इसके अलावा निर्माण सामग्री का उपयोग भी तय मात्रा के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जिस तरह से भवन निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है उससे भवन ज्यादा समय तक नहीं टिक सकेगी। क्षेत्र के अधिकांश ग्राम पंचायतों में सरपंच व सचिवों को भवनों व अन्य तरह के निर्माण कार्य कराने से संबंधित तकनीकी जानकारी नहीं दी गई है। जिस कारण वे कार्ययोजना के अनुरूप निर्माण कार्य नहीं करा पाते हैं। शासन ने मनरेगा के तहत पंचायत स्तर पर होने वाले निर्माण कार्यों को कार्ययोजना के अनुरूप कराने के लिए तकनीकी सहायकों की नियुक्ति की है। बावजूद इसके तकनीकी सहायक शासन व कलेक्टर के निर्देशों की अवहेलना कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं।



निर्माणाधीन पीडीएस भवन।

## मुख्यालय में नहीं रहते तकनीकी सहायक

जनपद पंचायत प्रतापपुर में कार्यरत तकनीकी सहायकों में से गिनती के ही मुख्यालय में निवास करते हैं। बाकी के तकनीकी सहायक अंबिकापुर से आना जाना करते हैं। जबकि शासन ने इन तकनीकी सहायकों को मुख्यालय में ही निवास करने की सुविधा भी दे रखी है। तकनीकी सहायकों को निवास की सुविधा के लिए जनपद पंचायत कार्यालय के पास में ही शासकीय भवन बना हुआ है जिसमें प्रत्येक तकनीकी सहायक के लिए अलग अलग कमरे बने हुए हैं। बावजूद इसके भवन में तकनीकी सहायक कभी नहीं रुकते। तकनीकी सहायक दूरदराज में स्थित घरों से ही आना जाना पसंद करते हैं। जिसके कारण यह भवन सिर्फ शो पीस बन कर रह गई है।

### कागजों में करते है खानापूर्ति

तकनीकी सहायक अपने कार्यालय में भी निर्धारित समय पर नहीं पहुंचते हैं और जब पहुंचते हैं तो बमुश्किल एक या दो घंटे तक कार्यालय में रहकर वापस घर लौट जाते हैं। यहां तक की पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों का मूल्यांकन करने भी मौके पर नहीं जाते और सिर्फ कागजों में ही निपटा कर खानापूर्ति करते हैं।

### अधिकारियों ने नहीं किया मूल्यांकन

प्रतापपुर जनपद पंचायत में 6 पीडीएस भवन बने है जिसका मूल्यांकन आरईएस विभाग के एसडीओ द्वारा किया जाता है। जिसमे भवन के गड्ढे,नीव, बीम और भी तकनीकी खामी को देखना होता है। हैरानी की बात यह है कि बिना मूल्यांकन किए ही डोर लेबल तक बिना बीम के ही ढलाई हो गया है ऐसे में मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी जनपद सीईओ इसकी निगरानी करते हैं इसके बाद भी निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है जो समझ से परे है।

### चर्चा करती हूं

पीडीएस भवन निर्माण में लापरवाही बरतने की जानकारी मिली है। इस संबंध में जनपद सीईओ से चर्चा की जाएगी।

-ललित भगत, एसडीएम

### जांच कर की जाएगी कार्रवाई

पीडीएस भवन में लापरवाही बरती जा रही है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-राधे श्याम मिरझा, सीईओ जनपद पंचायत



# विद्युत कनेक्शन के नाम पर सिंगल फेस जोड़कर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

विद्युत विभाग की लापरवाही से किसानों की चिंता बढ़ गई है। विद्युत विभाग द्वारा विद्युत विस्तार के नाम पर सिंगल फेस तार खींचकर छोड़ दिया है। ऐसे में किसान अपने खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहे है और अब किसानों की फसल मरने की कगार पर है। किसानों की समस्या को लेकर जनपद सदस्य द्वारा विभाग से शिकायत की गई है लेकिन शिकायत के बाद भी विभाग की ओर से कोई पहल नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि विकासखंड के ग्राम धंधापुर अंतर्गत लोधीडांड में विद्युत विभाग द्वारा एक माह पहले केबल तार लगाकर सभी घरों में कनेक्शन देने का कार्य किया जा रहा था। इस गांव में लगभग 50 घर है व गांव की आबादी 200 के करीब है।

- किसान नहीं कर पा रह सिंचाई, फसल मरने की कगार पर

ग्रामीणों की शिकायत है कि विभाग द्वारा कनेक्शन में चार फेस का तार खींचनी थी लेकिन विभाग द्वारा महज एक फेस का तार खींचकर छोड़ दिया गया जिससे गांव में घरेलू बल्ब का ही उपयोग हो सकता है बाकी तीन फेस नहीं जोड़ने के कारण ग्रामीणों के ट्यूबवेल पंप नहीं चल पा रहे है और किसान खेतों में फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे है और किसानों की फसल मरने कगार पर आ गई है। ग्रामीणों की समस्या को जनपद सदस्य मुकेश गुप्ता ने विद्युत विभाग को फोन कर शिकायत की थी लेकिन उनकी शिकायत के बाद भी अब तक शेष फेस को जोड़ने का काम नहीं हो पाया है।

### कराई जाएगी जांच

सिंगल फेस जोड़ने की शिकायत कल ही प्राप्त हुई है। कर्मचारियों को भेजकर इसकी जांच कराई जाएगी।

-अजय कुजूर
सहायक अभियंता विद्युत विभाग

न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)
क्रमांक / 101 /वाचक/2024 सूरजपुर, दिनांक 30 अप्रैल 2024
ईश्तहार
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नकुल कुमार प्रभाकर आ. राधिका प्रसाद प्रभाकर निवासी वार्ड क्रमांक 17 बड़कापारा तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.) ने आवेदिका अनिता देवांगन आ. जगमोहन देवांगन निवासी ग्राम कोट तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ.ग.) के द्वारा इस न्यायालय में विवाह हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, उम्र के सत्यापन हेतु अंकसूची की छायाप्रति, एवं आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। जिस पर न्यायालय द्वारा कार्यवाही की जा रही है।
अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 15.05.2024 को दिन के 2:00 बजे उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक को 30.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।
अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

# सनातन संस्कृति में बहुजन हिताय एवं बहुजन सुखाय की सोच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महामना मालवीय मिशन द्वारा अध्यात्मिक समागम सह गीता पाठ का आयोजन श्याम बिहारी पाण्डेय के गोधनपुर स्थित निवास पर किया गया। संगोष्ठी में पं. ललित मोहन तिवारी ने कहा कि सनातन संस्कृति की मर्यादाएं बहुआयामी सोच को दर्शाती है। इसमें बहुजन हिताय बहुजन सुखाय का ध्यान रखा गया है।

- महामना मालवीय मिशन की संगोष्ठी में अध्यात्म पर चर्चा

अजीत शरण सिंह ने कहा कि मालवीय जी का जीवन दर्शन अनुकरणीय है। वो त्याग के प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने अंत समय तक गीता को घर-घर पहुंचाने का कार्य किया जिसका अनुकरण अम्बिकापुर वासी विगत कई वर्षो से कर रहे हैं। ब्रह्म शंकर सिंह ने कहा कि जिस घर में गीता का नियमित पाठ होता हो वहां की बाधाएं अपने आप दूर जो जाती है। दूर इसलिए होती है कि उक्त स्थान पर साकारात्मक ऊर्जा का समावेश हो जाता है। श्याम बिहारी पाण्डेय ने कहा कि गीता की महत्ता को जिसने समझा उसका जीवन पूर्णतया की ओर अग्रसर हुआ। राज नारायण द्ववेदी ने कहा कि व्यक्ति चाहता है कि वह सत्य के राह पर चले पर कालखण्ड की परिस्थितियां ऐसी बन जाती है कि व्यक्ति अपनी राह बदल देता है और उसी में रच जाता है। निरंतर आध्यात्मिक समागमों में जाने से व्यक्ति के व्यवहार में बदलाव होता है। राम नारायण शर्मा ने कहा कि वर्ण व्यवस्था भगवान द्वारा बनाया गया है। इस व्यवस्था से चलने पर समाज और राष्ट्र को गति मिलती है। पूर्व काल में इस व्यवस्था को लेकर कोई भेदभाव नही था।

मदनमोहन मेहता ने कहा कि साधक और योगी जन अपने अवगुणों को हवन कुंड में हवन कर अपनी इन्द्रियों को बस में कर लेते हैं जिससे उनके जीवन में भौतिक अभिलाषा नहीं रहती। सुरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि संसार एक स्वप्न है। व्यक्ति द्वारा किए गये कार्यो को समाज याद करता है। इसलिए व्यक्ति को हमेशा अच्छा कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में सचिदानंद पाण्डेय, बीएल गुप्ता, हरिशंकर सिंह, आरएन अवस्थी, प्रकाश कश्यप, अशोक सोनकर, उमाकांत पाण्डेय आदि उपस्थित थे।



### कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने किया चुनावी सभा को संबोधित

# देश संविधान से चलता है पूजा-पाठ से नहीं : पायलट

**अम्बिकापुर/भैयाथान।** तीसरे चरण के चुनाव प्रचार में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने स्टेडियम में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने 10 वर्ष में क्या किया है यह सबको मालूम है। पूर्ण बहुमत होने के बाद भी भाजपा कोई काम नहीं कर सकी। बेरोजगारी तक दूर नहीं कर सकी बल्कि विपक्ष की आवाज को दबाने की पूरी कोशिश की गई। इन दस वर्षों में शासकीय तंत्र का जमकर दुरूपयोग हुआ है। भाजपा सरकार में आते ही सिर्फ कांग्रेस मुक्त की बात कर रही है।

उन्होंने कहा कि जाति, बिरादरी से हटकर अब सरकार गोत्र तक पहुंच गई है। देश संविधान से चलती है पूजा-पाठ से नहीं, पूजा करना सभी का अधिकार है इस पर प्रतिबंध नहीं लगाना है। संविधान को कमजोर करना देश के लिए खतरा है। अब भाजपा 400 पार का नारा भूल गई है क्योंकि दो चरणों के चुनाव में वह पीछे छूट गई है। भाजपा के नेता आरक्षण समाप्त करने की बात कह रहे हैं वहीं गरीबों के राशन में भी कटौती कर रहे हैं। कांग्रेस की सरकार बनती है तो महिलाओं को 8500 रूपए महीना व एक वर्ष में एक लाख रूपए देगी साथ ही किसानों का कर्ज माफ भी करेंगी। कार्यक्रम को पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े, डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम, अखिलेश प्रताप सिंह ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान चंदन यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, शफी अहमद, जिलाध्यक्ष भगवती राजवाड़ी, रावेंद्र प्रताप सिंह, राहुल सिंह, आशीष प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई के पदाधिकारी व ग्रामीण कार्यकर्ता उपस्थित थे।




सरगुजा मार्केट

मनोरोग, नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेषज्ञ
अब आपके शहर अम्बिकापुर में
डॉ. निशांत कुमार साहू
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग ) मद्रास मेडिकल कॉलेज
सलाहकार श्री बालाजी हॉस्पिटल रायपुर
उपलब्ध उपचार
उदासी, चिन्ता, घबराहट, डर, चिड़चिड़ापन, एक ही कार्य को बार बार करना गुस्सा, नींद की कमी, उन्माद,पागलपन, आत्महत्या के विचार, अजीब आभास या सोच, शक करना, किसी काम में मन न लगना,
सिरदर्द, असामान्य दर्द, मिर्गी या झटका, चक्कर खाकर बेहोश हो जाना, बच्चो में चंचलता, मंद बुद्धि, बच्चों एवं बुजुर्गों में याददाश्त की कमी, शराब एवं अन्य नशे की लत शीघ्रपतन, लिंग में कम तनाव, सेक्स समस्या
5 मई 2024 पहले रविवार को अंबिकापुर में उपलब्ध
समय : सुबह 11 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक
पंजीयन हेतु सम्पर्क करें :-
एस.आर.एस. हॉस्पिटल
जिला हॉस्पिटल रोड, अंबिकापुर, मो.:7987779819, 7880289133
रूद्र मनोरोग क्लिनिक
गंगा डायग्नोस्टिक के सामने, शांति रेसिडेन्सी, पचपेड़ी नाका, रायपुर (फोन नं. 7987779819)
उपलब्ध सोमवार से शनिवार

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि
LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपेण्डिक्स • हार्निया
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर
मो.9713667433, 9617247433

### तीन दिवसीय एसआरवीएम ग्रूमिंग एडवेंचर कैंप का हुआ आगाज

**सूरजपुर।** साधुराम विद्या मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी डे बोर्डिंग एडवेंचर समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के प्रथम दिन विद्यालय के प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय ने गुब्बारे उड़ाकर औपचारिक रूप से कैंप की शुरुआत की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को कैंप की शपथ दिलाई । उद्घाटन के दौरान एडवेंचर एक्टिविटी कराने के लिए रायपुर से आई टीम उपस्थित रही। एडवेंचर प्रमुख समीर ने एक्टिविटी से संबंधित जानकारी एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया। कैंप के लिए सभी प्रतिभागियों को आठ ग्रुप में बांटा गया है। इन्हें ग्रुप वाइज अलग-अलग एडवेंचर कराया जाएगा, जिसमें जिप लाइन, रॉक क्लाइंबिंग, रिवर क्रॉसिंग, रोप वॉक, आर्चरी, जार्विंग, कमांडो नेट जैसे एडवेंचर शामिल हैं। कैंप में प्रतिभागियों के लिए सुबह का नाश्ता, दोपहर का लंच और शाम में हाई टी की व्यवस्था की गई है। गर्मी को देखते हुए सभी जगह ग्लूकोज, रसना पेय पदार्थ की भी व्यवस्था की गई है। कैंप के पहले दिन विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. राहुल अग्रवाल, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, पार्षद प्रवेश गोयल, संजय डोसी एवं गैवी नाथ साहू ने कैंप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रतिभागियों से चर्चा की। बच्चों ने अच्छी सुविधा प्रदान करने की बात कही।




### आदिवासियों का हक छिनने में लगी है मोदी सरकार : पायलट

**लखनपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने मिनी स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के नेता दो चरण के चुनाव बीतने के बाद 400 पार का नारा भूल गए हैं तथा अब जगह-जगह झूठे वादे कर रहे हैं। अब 10 साल की मोदी सरकार की राजनीति को हर कोई जान गया है। भाजपा के पास सच की जगह नहीं है। वे आदिवासियों के हक को छीनने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि हमने अपने घोषणा पत्र में रोजगार, युवाओं को नौकरी, किसान की उपज का एमएसपी एवं महिलाओं के लिए कई योजनाओं की घोषणा किए है तथा महिलाओं को साल में 1लाख देने की गारंटी दिया है। सरकार बनते ही सभी गारंटी पूरी की जाएगी। घोषणा पत्र युवाओं को 30 लाख पदों से अधिक पद पर रोजगार दिए जाने तथा मनरेगा मजदूरों को प्रतिदिन 400 रूपए देने की गारंटी देता है वर्तमान में केन्द्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं को लगातार कमजोर कर रही है तथा संविधान बदलने की भी बात कह रही है। वह विपक्ष को कमजोर कर लोकतंत्र की हत्या करने में लगी है। वर्तमान में महंगाई इतनी बढ़ गई है कि लोग खाने-पीने की वस्तु भी सही ढंग से नहीं खरीद पाते। भाजपा सरकार लोगों की जेब खाली करने में लगी है। केन्द्र सरकार ने 10 साल तक कुछ भी नहीं किया तथा लोगों को झूठे वादे कर फिर से सत्ता हासिल करना चाहती है। इस दौरान पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंहदेव, जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, अमित सिंहदेव, रणविजय सिंहदेव, वीरेंद्र सिंहदेव, पूर्व विधायक प्रीतम राम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



TOP IN SURGUJA

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है
संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 16 मई 2024 दिन-गुरुवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
■ आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
■ दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
■ किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
■ पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
■ किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)




### वरिष्ठ नागरिक संघ ने भीषण गर्मी से राहत के लिए विभिन्न जगह खोले प्याऊ

**सूरजपुर।** वरिष्ठ नागरिक संघ की बैठक में लिए गए निर्णय के पालन में आज भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए नगर के विभिन्न स्थानो पर शीतल पेयजल की व्यवस्था बनाते हुए प्याऊ प्रारम्भ किया। संघ के पदाधिकारी लालचंद अग्रवाल, हरिदास अग्रवाल, आरएस. मिश्रा, एसके तिवारी, सुशील अग्रवाल, अनिल गोयल, पवन अग्रवाल, गजानन्द साहू, गुलशन साहू, नथुनी सोनी सहित अन्य ने लोगों की उपस्थिति में मेन रोड अशोक पेट्रोल पंप के समीप,, महुआपारा रोड श्याम इण्डस्ट्रीज के पास, नवापारा में स्टेट बैंक के पास व भैयाथान रोड में शंकर इलेक्ट्रिकल्स के पास प्याऊ का शुभारंभ किया गया। वरिष्ठ नागरिक संघ द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की लोगों ने सराहना की।

24/7 EMERGENCY SERVICE
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
चिकित्सक प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.रितेश गुप्ता
डॉ.इति गुप्ता
डॉ.मनीष गुप्ता
दिनांक 5 मई 2024, रविवार
डॉ. निहार गुप्ता MBBA, MD, FICH (HEMATOLOGIST) रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशु जैन MBBS, MS, M.CH Neuro Surgeon
पता - बनारस रोड, पी.जी कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर
मो. 9424250281, 8120906000, 8120809000

डॉ.बी.मिंज
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in pain management) Interventional pain physician and spine Endoscopist
दिनांक 11 एवं 12 मई 2024, समय - सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
(अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें मो.- 8770826055, 9827731775)
बिना ऑपरेशन पीठ दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द, घुटने का दर्द, एड़ी का दर्द, सायटिका, मांसपेशियों एवं पसलियों का दर्द एवं अन्य तीन महीने से पुराना किसी भी प्रकार के दर्द का इलाज (सुईनुमा तकनीक, दूरबीन पद्वति) से मध्यप्रदेश के प्रसिद्व दर्द निवारक एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी मिंज द्वारा किया जाता है।
सिटी हॉस्पिटल नमनाकला अम्बिकापुर
टीपः- प्रत्येक माह के द्वतीय शनिवार एवं रविवार को उपलब्ध रहेंगे (अगले माह 8 एवं 9 जून 2024)

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal Collage of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनेमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफॉइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)

शानदार 27 वर्ष
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur
9826183771, 9691620315
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
COURSE GUIDANCE
DCA PGDCA BCA BA B.LIB MSW
PGDRM MA MBA MSC M.COM
O Level Tally
अधिकृत केन्द्र
NIELIT AISECT TEPL CSC

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 11 मई 2024
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रात: 10.30 से दोपहर 02.30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
स्थान: संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैंड, गौरवपथ, अंबिकापुर

2 Ambikapur-BHOOMI-pg 4-0_Layout 1 5/2/2024 9:56 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### व्याख्याता पुष्पा सिंह को मिली पीएचडी की उपाधि

**अम्बिकापुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की व्याख्याता श्रीमती पुष्पा सिंह को अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के द्वारा डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने विद्यार्थियों में जीवन कौशल की आवश्यकता को केंद्रित करते हुए माध्यामिक स्तर पर जीवन कौशल प्रशिक्षण का किशोर विद्यार्थियों के सामाजिक क्षमता, शालेय समायोजन एवं शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। उन्होंने अध्ययन केन्द्र उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान बिलासपुर से कमला नेहरू महाविद्यालय, कोरबा के शिक्षा शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ.अब्दुल सत्तार के निर्देशन में अपना शोध पूरा किया। यह सरगुजा जिले पर किया गया एक अर्ध प्रायोगिक शोध था। उन्होंने 6 राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। उनके 5 लघु शोध एवं 6 शोध पत्रों का प्रकाशन हो चुका है और जिले के शिक्षकों द्वारा अनेक क्रियात्मक अनुसंधान के कार्य पूर्ण कराए गए हैं। संस्थान की तरफ से वे अनेक राष्ट्रीय, राज्य और जिले स्तर के कार्यक्रमों में जुड़ी है।



### निशा सिंह को अटल विश्व विद्यालय से मिली पीएचडी

**अम्बिकापुर।** राज्यपाल पुरस्कार एवं मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से सम्मानित निशा सिंह ने अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा के विभागाध्यक्ष डॉ.अब्दुल सत्तार के मार्गदर्शन में शोध केंद्र उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान बिलासपुर से अपना शोध माध्यमिक स्तर पर किशोर विद्यार्थियों के कक्षा वातावरण का सृजनात्मक चिंतन लक्ष्य अभिविन्यास एवं शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन पूरा किया। यह शोध सूरजपुर, सरगुजा एवं बलरामपुर जिलों पर किया गया था। उन्होंने 2 अंतरराष्ट्रीय एवं 4 राष्ट्रीय सेमिनार में रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया है तथा 8 शोध पत्रों का प्रकाशन हो चुका है। वर्तमान में वे शासकीय उच्चतर माध्यामिक विद्यालय करवा में व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं।



### श्रमिक दिवस पर 70 श्रमिकों का किया गया सम्मानित



**सूरजपुर।** कोयलांचल भटगांव क्षेत्र में मजदूर दिवस के अवसर पर जगन्नाथपुर ओसीपी के चेन्नई राधा इंजीनियरिंग वर्क्स संस्था द्वारा श्रमिकों के लिए कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मानित किया गया। संस्था के 70 से ज्यादा श्रमिकों के लिए केक काटकर 5-5 सौ रुपए पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भटगांव सीएचपी में किया गया। इस दौरान संस्थान के निदेशक वीआर रामू श्रमिकों के बीच शामिल होकर उन्हें सम्मानित किया। श्रमिक दिवस पर संस्था के श्रमिकों को दिए सम्मान से श्रमिक बेहद उत्साहित नजर आए। इस दौरान दौरान प्रभात सिंह, रवि पांडे, लाभ राज सिंह , विवेक चक्रधारी, जयवल, प्रमोद चौधरी सहित संस्था के कर्मचारी उपस्थित थे।

## हेल्थ प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 5 को

**अम्बिकापुर।** नगर के दर्रीपारा में संचालित विद्या डायग्नोस्टिक एवं सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 5 मई रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉ. संजीत जायसवाल (इंडोक्राइन विशेषज्ञ) द्वारा शुगर, थायराइड, मोटापा एवं हार्मोन संबंधित जांच की जाएगी। संचालक डॉ. विवेक कुमार केशरी (रेडियोलॉजिस्ट) ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक किया जाएगा एवं हमारे यहां सोनोग्राफी, सिटी स्कैन, एक्स-रे, कलर डॉपलर, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध है।




### नपं कन्हर नदी की रेत में पोखरी में रिसे पानी से बुझा रहा प्यास

# भीषण जल संकट से जूझ रहे रामानुजगंज के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले एक महीने से भीषण जल संकट से जूझ रहे रामानुजगंज वासियों की समस्या का निराकरण होता नहीं दिख रहा है।

**खास बात**
- तेजी से सूख रहे हैण्डपंप एवं कुंए, जरूरत के आधे पानी से चल रहा काम

कन्हर नदी की रेत में बनी पोखरी सूखने के बाद नपं दूसरी पोखरी खोदकर जैसे-तैसे लोगों की प्यास बुझा रहा है। भीषण गर्मी में जित तेजी से जलस्तर सूख रहा है कभी भी पानी के लिए हाहाकार मच सकता है। नपं रामानुजगंज में गर्मी के मौसम में हर साल उत्पन्न हो रहे भीषण जल संकट का स्थाई हल निकट भविष्य में निकलता नहीं दिख रहा है। वर्षों की इस भीषण समस्या को लेकर न तो क्षेत्र के जनप्रतिनिधि गंभीर हैं न ही प्रशासन ही कोई पहल कर रहा है। ऐसे में लोगों को कब तक कन्हर नदी की रेत से रिसे पानी से प्यास बुझाना पड़ेगा इसका कोई ठिकाना नहीं हैं। रामानुजगंज में इस साल पहली बार पेयजल संकट उत्पन्न नहीं हुआ है। पिछले 7-8 सालों से हर साल गर्मी का मौसम शुरू होते ही कन्हर नदी सूख जा रही है। नपं हर साल नदी के बीच रेत में पोखरी खोदकर रिसे हुए पानी से लोगों की प्यास बुझा रही है। इस बार भी भीषण जल संकट उत्पन्न होने पर नपं ने 15 अप्रैल को कनहर की रेत में जेसीबी से पोखरी खोदा था। जनप्रतिनिधि पोखरी में रेत से रिसे पानी से किसी तरह गर्मी निकालने की उम्मीदें लगाए थे लेकिन अप्रैल के अंत में ही पोखरी सूख गई। तीन दिन पूर्व नपं ने दूसरी जगह दोगुनी गहराई की पोखरी तैयार किया है। नपं का अमला 24 घंटे पोखरी में एकत्र पानी को फिल्टर प्लांट में लिफ्ट कर जैसे-तैसे लोगों की जरूरतें पूरी कर रहा है। नपं लगातार कोशिशों के बावजूद भीषण गर्मी में 12 लाख लीटर की जगह मात्र 6 लाख लीटर पानी की आपूर्ति कर पा रहा है। इधर भीषण गर्मी के कारण जलस्तर लगातार नीचे खिसकता जा रहा है। कुंए पूर्व में ही सूख चुके हैं वहीं हैण्डपंप भी सूखते जा रहे हैं। ऐसे में कभी भी रेत से पानी का रिसाव बंद होते ही पानी के लिए हाहाकार मच सकता है। नगर सहित आसपास के बांध व तालाब भी सूखने की स्थिति में है। ऐसे में मानव के साथ ही पशु-पक्षियों को भी भीषण गर्मी में पानी के लिए तरसने की स्थिति निर्मित हो सकती है। ऐसे भीषण संकट से निबटने के लिए नपं के पास कोई दूसरा विकल्प उपलब्ध नहीं है।


रेत में पोखरी की खुदाई करता जेसीबी।


पोखरी में रेत से रिसा पानी।

#### पांच सालों में नहीं सुधरा एनीकट का गेट

पेयजल संकट के निराकरण के लिए तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा वर्ष 2013-14 में 12 करोड़ की लागत से कन्हर नदी में एनीकट का निर्माण कराया गया था। तकनीकी खामियों के कारण पिछले 5 सालों से एनीकट नदी की रेत से लबालब हो गया है जिसके कारण क्षमता का 20 फीसदी पानी भी एकत्र नहीं हो पाता। एनीकट का गेट पांच सालों से खराब है तथा गेट से 24 घंटे पानी बहते रहता है। एनीकट में जो पानी भरता है वह ठंड के मध्य तक खराब गेट से बेकार बह जाता है। विभाग हर साल बांधों के खराब गेट को सुधारने के नाम पर लाखों का वारा-न्यारा करता है लेकिन पांच सालों में विभाग न तो एनीकट का गेट सुधार पाया न ही एनीकट में भरे रेत को ही हटा सका।

#### फाइलों में जल आवर्द्धन योजना-2

जल संकट के निराकरण के लिए तीन वर्ष पूर्व तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 15.72 करोड़ की जल आवर्द्धन योजना – 2 की स्वीकृति प्रदान की थी। तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को योजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी थी। योजना के लिए स्थल चिन्हांकित करने के बावजूद विभाग समय पर निर्माण प्रारम्भ नहीं करा सका। नगरीय प्रशासन मंत्रालय ने केन्द्र सरकार के सहयोग से अमृत जल मिशन के तहत जल आवर्द्धन योजना का निर्माण कराने का हवाला देकर विभाग को योजना का कार्य प्रारम्भ नहीं करने का फरमान जारी कर दिया। नपं प्रशासन अभी भी स्थिति से अंजान बना है तथा अमृत मिशन के लिए प्रस्ताव तक तैयार नहीं कर सका है।

#### बनाया गया है टैंकर पाइंट

पहली पोखरी में पानी का रिसाव बंद होने के कारण रेत में दूसरी गहरी पोखरी तैयार की गई है। जल संकट के निराकरण के लिए हर संभव पहल की जा रही है। समस्या बढ़ने पर टैंकर से पानी की आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए टैंकर पाइंट चिन्हांकित किए गए है।
-**रमन अग्रवाल**, नपं अध्यक्ष

#### मिले थे रोकने के निर्देश

नगरीय प्रशासन संचालनालय के निर्देश पर योजना का क्रियान्वयन बंद कर दिया गया है। संचनालय द्वारा अमृत जल मिशन के माध्यम से सुविधा विकसित करने के निर्देश दिए गए थे।
-आदित्य प्रताप सिंह, ईई, पीएचई




## घंटों इंतजार के बाद भी नहीं पहुंचे अधिकारी, ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अंडर रेलवे ब्रिज व पुलिया की मांग को लेकर करंजी पंचायत में मतदान बहिष्कार की ग्रामीणों ने घोषणा कर दी है। इस पर गुरूवार को जिले के उच्चाधिकारियों के गांव में आने की सूचना पर ग्रामीणों द्वारा भीषण गर्मी के तपती धूप में घंटों इंतजार किए जाने के बाद भी अधिकारियों के न पहुंचने पर ग्रामीण बैरंग वापस घर लौट गए। ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव से रेल लाइन गुजरी है लेकिन रेलवे लाइन के उस पार उनके खेत हैं, जहां से आने जाने के लिए अंडर ब्रीज का निर्माण रेलवे द्वारा नहीं किया गया है। जिस वजह से लोगों को करीब 20 किलोमीटर लंबी दूरी तय कर अपने खेत तक जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि जब रेलवे लाइन का निर्माण किया जा रहा था तब यह आश्वस्त किया गया था कि खेती करने के लिए खेतों तक आने-जाने के लिए अंडरब्रिज का निर्माण किया जाएगा, लेकिन आज तक उक्त कार्य को नहीं कराया गया है। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को अपने खेत तक जाने के लिए ग्राम झुमरपारा नावापारा, राई, दतिमा, खरसुरा होते हुए लगभग 20 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। साथ ही अंडर ब्रीज नहीं होने के कारण मवेशी कई बार ट्रेन की चपेट में आ जाते हैं। पुलिया निर्माण व अंडर ब्रिज की मांग को लेकर लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की बात ग्रामीणों द्वारा कही जा रही है। इसी तारतम्य में ग्रामीणों द्वारा बुधवार की शाम गांव में रैली निकालकर चुनाव बहिष्कार की बात दोहराई गई। जिस पर गुरुवार को ग्रामीणों के पास सूचना मिली कि आज ही जिले के उच्चाधिकारी लोगों के पास आकर उनकी समस्याओं से अवगत होंगे और उसके निराकरण की पहल करेंगे लेकिन तपती गर्मी में किसी भी अधिकारियों के न पहुंचने पर घंटों इंतजार के बाद बैरंग वापस घर लौट गए हैं। अधिकारियों के ना पहुंचने से ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है।

- रेलवे अंडर ब्रिज नहीं बन पाने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी




## बी-वन से नाम काटने पर सोनपुर के ग्रामीण करेंगे चुनाव का बहिष्कार

**सूरजपुर।** सरगुजा संसदीय क्षेत्र के सूरजपुर जिले में उप तहसील देवनगर के ग्राम पंचायत सोनपुर के ग्रामीणों ने प्रशासनिक उदासीनता के कारण किसानों के साथ हो रहे छलावा तथा बी वन से नाम कटने के विरोध में चुनाव का बहिष्कार किया है। ज्ञात हो कि शासन द्वारा ग्राम पंचायत के लगभग 105 खाता धारकों को वन विस्थापन के तहत भू अधिकार 1992 में पट्टा प्रदान किया गया था। परन्तु विगत 10 वर्षों से भू अभिलेखों मेनवल रिकॉर्ड से नाम कटना शुरू हो गया। प्रशासन को इसकी सूचना देने पर त्रुटि बताते हुए निरंतर किसानों का बी वन व अभिलेखों से नाम काटना जारी रहा, जबकि आज तक किसान अपने काबिज भूमि पर खेती कर परिवार का भरण पोषण कर रहे है।,प्रशासन को कई बार लिखित और मौखिक रूप से सम्पर्क कर राजस्व अभिलेख दुरुस्त करने की शिकायत की गई। परंतु प्रशासन की निष्क्रियता से किसानो व खाताधारियों का नाम दुरुस्त नही हो सका। साथ ही गांव के अधिकांश लोग सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है जिससे नाराज होकर विकासखंड रामानजनगर के ग्राम पंचायत सोनपुरके ग्रामीणों ने आपसी सहमति से लोकसभा चुनाव का सामूहिक बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

#### समस्या का करेंगे निराकरण

ग्रामीण किस कारण चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिए है इसकी जांच कराई जाएगी। ग्रामीणों की जो भी समस्या है उनका निराकरण किया जाएगा।
-रोहित व्यास
कलेक्टर सूरजपुर

### नगर पंचायत में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**रामानुजगंज।** नगर पंचायत द्वारा आज मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से शहर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान नगर पंचायत सीएमओ सुमित मेहता, अजय कुमार गुप्ता, जगन्नाथ गुप्ता, अयोध्या प्रसाद, आशीष गुप्ता, प्रकाश नाथ, प्रवीण, रोहित, संजय कश्यप, निशांत गुप्ता सहित नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

### बैल के हमला से गंभीर महिला की गई जान

अम्बिकापुर। कोठार में गोबर उठा रही महिला को बैल ने हमला कर घायल कर दिया। परिजन महिला को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम सोनगरा निवासी दुलारी सिंह पति स्व. संतराम (62 वर्ष) 27 अप्रैल की सुबह घर के सामने कोठार में गोबर उठा रही थी। इसी दौरान कोठार में बंधे एक बैल ने हमला कर दिया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन दो दिन बाद महिला की हालत गंभीर हो जाने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां आज तड़के 4 बजे महिला की मौत हो गई।

## अधिकारी-कर्मचारी लोगों तक पहुंचा रहे मतदान आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लोकसभा निर्वाचन की सरगर्मी और मौसम का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है, उसी तेजी के साथ ही कोरिया जिले में मतदाता जागरूकता के लिए चलाया जा रहा स्वीप कार्यक्रम अपनी पूरी गति से आगे बढ़ रहा है।

आसन्न लोकसभा निर्वाचन के मतदान तिथि को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की पूरी टीम गर्मी की परवाह किए बिना प्रत्येक कोरियावासी को मतदान का आमंत्रण देने के लिए उनके द्वार तक पहुंच रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्वीप के जिला नोडल अधिकारी व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार स्वीप की अलग-अलग गतिविधियों को निरंतर तेजी से आयोजित किया जा रहा है, इसके लिए गांव-गांव में जन जागरूकता के रथ संचालित किए गए हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रत्येक मैदानी अमले को निर्धारित कार्यक्षेत्र में मतदाताओं को आमंत्रण पत्र देने की जवाबदारी प्रदान की गई है। इस तारतम्य में प्रत्येक हाट बाजारों में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व कार्यक्रम अधिकारी के साथ पूरी प्रशासनिक टीम प्रत्येक मतदाता को 7 मई मतदान दिवस में अपने मताधिकार का प्रयोग करने संबंधी आमंत्रण पत्र बांट रहे हैं। नए मतदाताओं के साथ ही पुराने व बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान अवश्य करने का आग्रह किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ श्री चतुर्वेदी ने बताया कि व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत सभी मतदान केन्द्र में शत-प्रतिशत मतदान हो, इसके लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं।


मतदाताओं को आमंत्रण देते अधिकारी-कर्मचारी।

## कार्रवाई के महीने भर बाद महिला वार्ड पंच ने पुनः शुरू किया अवैध कब्जा

**बिश्रामपुर।** महीने भर पूर्व ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर के तलवापारा में एक महिला वार्ड पंच द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जा हटाए जाने के बाद उक्त महिला वार्ड पंच द्वारा पुनः उसी स्थल पर अवैध कब्जा शुरू कर दिया गया है। महिला वार्ड पंच द्वारा पुनः अवैध कब्जा का प्रयास किए जाने उपरांत अब कोई कार्यवाही नहीं होने से एसईसीएल प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर तलवापारा में रविवारीय साप्ताहिक बाजार में एसईसीएल के लीज भूमि पर ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर के वार्ड क्रमांक सात की वार्ड पंच द्वारा जबरन अवैध रूप से कब्जा करके निर्माण किए जा रहे दुकान पर पिछले दिनों दिनांक 4 अप्रैल को एसईसीएल प्रबंधन द्वारा सुरक्षा अधिकारी के निर्देश पर अवैध कब्जा हटाए जाने की कार्यवाही की गई थी। जिस पर उक्त महिला वार्ड पंच द्वारा अवैध कब्जा हटाए जाने के दौरान काफी हंगामा भी मचाया गया था, जिसके बाद एसईसीएल प्रबंधन की ओर से तहसीलदार सुरजपुर व पिलखा नायब तहसीलदार को ज्ञापन देकर उक्त अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही की मांग की गई थी। एसईसीएल प्रबंधन की मांग पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोई उचित पहल नहीं किए जाने पर उक्त महिला वार्ड पंच द्वारा पुनः अवैध अतिक्रमण कार्य को प्रारंभ करके एडवेस्ट सीट छज्जा पर डलवाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। बताया गया कि उक्त निर्माणाधीन दुकान के समीप स्थित सड़क से ही प्रतिदिन एसईसीएल अधिकारियों का आवागमन होता है, बावजूद इसके उक्त अवैध अतिक्रमण का निर्माण कार्य पुनः शुरू होने के बाद आज तक किसी की भी नजर इस ओर नहीं गई, इससे एक बड़ा सवाल खड़ा होता है। बताया जा रहा है कि उक्त महिला वार्ड पंच द्वारा पहले से ही यहां पर एक दो दुकान एसईसीएल की लीज भूमि पर अवैध अतिक्रमण करके बनाया गया है, जिसे कथित रूप से किराए पर दिया गया है।

- पूर्व में कब्जा हटाने दौरान एसईसीएल कम्पनी सुरक्षा कर्मियों से हुई थी बहस



हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736



## संभागायुक्त ने चांदनी बिहारपुर चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट बैरियर चांदनी बिहारपुर में आज लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संभागायुक्त गोविंद राम चुरेंद्र द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने नवाटोला बैरियर पर पहुंचकर वाहनों की लगातार चेकिंग और आसपास के क्षेत्र में मादक पदार्थों और अन्य किसी संवेदनशील वस्तु के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने एसएसटी दल के धीरेंद्र कुमार जायसवाल और नायब तहसीलदार संजय शर्मा व चांदनी पुलिस बल से चर्चा कर कई सारे बिंदुओं पर जानकारी ली। उन्होंने बैरियर के आसपास के रास्ते पर नजर रखने और जहां भी कोई असंवैधानिक घटना का पता चले उस पर विधिवत रूप से कार्रवाई करने की बात कही।

Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
वाहन है पर ड्राइवर नहीं है?
अपना ड्राइवर आज ही बुक करे
डेली या परमानेंट बेसिस पर
7837411411
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छग के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष चौरसिया एम. सी. एच. न्यूरोसर्जन
छग के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. गौरी शंकर सिंह MD, (Psychiatry) BHU MBBS (AFMC)
रायपुर के सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ. निहार गुप्ता MBBS, MD FICH Hematologist
रायपुर के सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ. बी बी कुमार MBBS, MD (Medicine) Rheumatology
रायपुर के सुप्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ.. डॉ विकास अग्रवाल laparoscopic & organ preserving surgeries MBBS, DrNB, PDF, FMAS FISCP, MNAMS
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
छग के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. आशु जैन MS, MCH, FHU, Neurosurgery
05 मई 2024 प्रत्येक माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध